शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्रमांक/रा.शि.के./शि.प्र.शि./2022 / 2849 भोपाल दिनांक 09/12/2022

प्रति,

प्राचार्य डाईट
ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
समस्त ज़िले (म. प्र.)

ज़िला परियोजना समन्वयक
ज़िला शिक्षा केंद्र
समस्त ज़िले (म.प्र.)

विषय: सी एम राइज़ शिक्षक व्यावसायिक उन्नयन कार्यक्रम अंतर्गत **"मिशन अंकुर डिजिटल कोर्स श्रृंखला"** प्रारंभ करने विषयक।

जैसा कि विदित है, स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा भारत सरकार के निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत में **"बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफ.एल.एन.)"** विषय पर कार्यक्रम ''मिशन अंकुर'' संचालित किया जा रहा है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रथम चरण मई- जून 2022 में एफ.एल.एन. के संदर्भ में शिक्षकों के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का चरणबद्ध आयोजन संपन्न किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान एवं सीखने-सिखाने की नवाचारी गतिविधि (इनोवेटिव पेडागोजी प्रेक्टिस) जैसे विषयों पर लगभग 86,000 शिक्षकों का उन्मुखीकरण किया गया। बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की समझ पर शिक्षकों की सीख एवं उनकी अकादमिक आवश्यकताओं के सतत् उन्मुखीकरण हेतु **''मिशन अंकुर डिजिटल प्रशिक्षण श्रृंखला"** तैयार की गई है, जिसके तहत प्रथम चरण में **4 गुणवत्तापूर्ण डिजिटल कोर्स** तैयार किये गए है। शैक्षणिक सत्र 22-23 में कोर्स श्रृंखला हेतु समय सारिणी निम्नानुसार रहेगी-.

क्र	कोर्स के नाम	कोर्स प्रारंभ दिनांक	विषय
1	कोर्स 1: प्रारंभिक कक्षाओं में गणित	5 दिसंबर 22	गणित
2	कोर्स 2: संख्याओं की शुरुआती समझ एवं 100 तक की संख्याओं की समझ	2 जनवरी 23	गणित
3	कोर्स 3: प्राथमिक कक्षाओं में साक्षरता और भाषा शिक्षण	1 फ़रवरी 23	भाषा
4	कोर्स 4: साक्षरता के सिद्धांत	1 मार्च 23	भाषा

कोर्स श्रृंखला से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश:

- श्रृंखला का प्रत्येक कोर्स दीक्षा पोर्टल पर उपरोक्त समय-सारणी अनुसार प्रारंभ किया जायेगा। इस हेतु समय-समय पर शिक्षक प्रशिक्षण कक्ष से दिशा-निर्देश, राज्य के अधिकृत व्हाट्सएप/टेलीग्राम समूह के माध्यम से साझा किये जाएंगे।

- डाईट प्रशिक्षण प्रभारी एवं एपीसी अकादमिक जिलें में इस कोर्स श्रृंखला के क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी होंगे।
- यह कोर्स श्रृंखला प्रमुख रूप से कक्षा 1 से 5 पढ़ाने वाले समस्त शिक्षकों, शाला प्रमुखों, डाईट फैकल्टी, एपीसी अकादमिक, बीएसी, सीएसी एवं मिशन अंकुर कार्यक्रम व प्रशिक्षण कक्ष द्वारा चयनित सभी एसआरजी, डीआरजी, सीएसी द्वारा समय-सीमा में पूर्ण किया जाना होगा। अन्य शिक्षक भी अपनी रूचि एवं आवश्यकता के अनुसार इस कोर्स श्रृंखला को कर सकते हैं।
- इस श्रृंखला में **SSO (लॉग इन विथ स्टेट सिस्टम)** के माध्यम से कोर्स पूर्णता पर ही सर्टिफिकेट का प्रावधान किया गया है।
- प्रत्येक कोर्स में अंत में **पोस्ट वर्क** दिया गया है, अपनी सीख को कक्षा में लागू करने हेतु प्रत्येक शिक्षक इसे अनिवार्यत: पूर्ण करना होगा । इस हेतु शिक्षक प्रशिक्षण डायरी का संधारण भी करना होगा।
- प्रत्येक कोर्स की सीख को संकलित करने हेतु **शिक्षक प्रशिक्षण डायरी** अवश्य तैयार कर उसे विभिन्न समूहों पर साझा करे।
- यह सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है कि **प्रत्येक कोर्स की सीख को शिक्षक अपनी कक्षा के बच्चों तक अवश्य लेकर जाए।**

कोर्स श्रृंखला दीक्षा पोर्टल पर 5 दिसंबर 2022 से प्रारंभ की जा रही है। श्रृंखला के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर राज्य शिक्षा केंद्र के शिक्षक प्रशिक्षण कक्ष से संपर्क किया जा सकता है।

(धनराजू एस.) 09/12/2022
संचालक
राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल

पृ.क्र/राशिके/शि.प्रशि.)/2022/ 2850

भोपाल, दिनांक 09/12/2022

प्रतिलिपि:-

1. विशेष सहायक, माननीय राज्य मंत्री (स्वंतत्र प्रभार) स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र. शासन भोपाल।
2. प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग म0प्र0 शासन भोपाल।
3. आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. कलेक्टर समस्त जिलों की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत समस्त जिलों की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण समस्त संभाग की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. नियंत्रक पाठ्यक्रम राशिके की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. जिला शिक्षा अधिकारी समस्त जिलों की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. प्रभारी अंकुर, टीम की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
10. प्रोग्राम मैनेजर पीपल संस्था की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
11. आईसीटी कक्ष की ओर पत्र पोर्टल पर अपलोड करने विषयक।

09/12/2022
संचालक
राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल